# 'भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना के साथ काम करें'



पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा व विधायक सिद्धि कुमारी ने किया।

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ
- भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर संगठन की संघर्ष यात्रा के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भाजपा बीकानेर शहर जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 16 मई से हुआ। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करते हैं। प्रशिक्षण स्थल पर भाजपा की गौरवशाली यात्रा, संगठन विस्तार एवं राष्ट्र निर्माण में पार्टी की भूमिका को दर्शाती प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रेरणादायी चित्रों के माध्यम से पार्टी की वैचारिक एवं संगठनात्मक यात्रा को प्रदर्शित किया गया।

उद्घाटन सत्र में कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने 'हमारा वैचारिक अधिष्ठान-एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंच निष्ठा' विषय पर कार्यकर्ताओं को भाजपा की मूल विचारधारा से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल ने 'भाजपा का इतिहास एवं विकास' विषय पर संगठन की संघर्ष यात्रा एवं विस्तार पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में संगठन जिला प्रभारी ओम सारस्वत ने कार्यकर्ता विकास - गुण, आचरण और अपेक्षाएं विषय पर अनुशासन एवं संगठनात्मक व्यवहार की जानकारी दी।

चतुर्थ सत्र में विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कार्य पद्धति विषय पर संगठनात्मक कार्यों के प्रभावी संचालन को लेकर मार्गदर्शन दिया। पंचम सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कार्य विस्तार विषय पर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। अंतिम सत्र में प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल ने सोशल मीडिया, मीडिया, नई तकनीक एवं प्रभावी सूचना तंत्र विषय पर डिजिटल माध्यमों के सकारात्मक उपयोग की जानकारी दी। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास, जिला प्रभारी जालम सिंह भाटी, सत्यप्रकाश आचार्य, देवकिशन मारू, अखिलेश प्रताप सिंह, सुशीला कंवर राजपुरोहित, नारायण चौपड़ा, मोहन सुराणा, संपत पारीक, अशोक कुमार मीणा, रमजान अब्बासी, वर्ग जिला संयोजक श्याम सिंह हाडला, जिला महामंत्री राजेंद्र पंवार, एडवोकेट डवोकेट कौशल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक पारीक, मोतीलाल हर्ष, अशोक प्रजापत, भूपेंद्र शर्मा, सरिता नाहटा, सोहन प्रजापत, किशन मोदी, जिला मंत्री धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी, सुनीता हटीला, झमकू देवी, किशन चौधरी, तरुण स्वामी, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सोशल मीडिया संयोजक चंद्रप्रकाश गहलोत, कार्यालय मंत्री चोरूलाल सुथार, सह कार्यालय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोडमदेसर तालाब की सफाई का आगाज

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर से लगभग 25-30 किलोमीटर दूर आस्था के प्रमुख केन्द्र कोडमदेसर भैरूनाथ बाबा मंदिर के पीछे स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना ऐतिहासिक तालाब आज उपेक्षा के चलते सूख चुका है। तालाब के सूखने के साथ ही इसकी दीवारें भी जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं, जिससे भविष्य में मंदिर परिसर पर भी खतरा उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कम्यूनिटी वेलफेयर सोसायटी द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार एवं व्यापक सफाई अभियान का निर्णय लिया गया है। सोसायटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि यह प्राचीन तालाब वर्षों से असंख्य जीव-जंतुओं एवं जनमानस की प्यास बुझाने का प्रमुख स्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि कोडमदेसर धाम की पहचान रहे इस तालाब की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है तथा इसकी सुध लेना प्रत्येक श्रद्धालु एवं समाजसेवी का दायित्व है। सोसायटी के संरक्षक राजकुमार किराडू ने बताया कि 17 मई को प्रातः 10 बजे तालाब जीर्णोद्धार एवं सफाई का शुभारंभ किया जायेगा। इस अभियान में धर्मप्रेमी बंधुओं, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से अधिक संख्या में जुड़कर श्रमदान एवं से सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

## सार-समाचार

### कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ



निशुल्क कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर विधायक जेठानंद व्यास ने शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पुरानी गिन्नानी स्थित वैबसोल कैम्पस में राजस्थान कौशल व आजीविका विकास निगम एवं एमएसएमई टेक्नोलॉजी डवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित निशुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास रहे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी व्यास भी मौजूद रहे। विधायक जेठानंद व्यास ने युवाओं को शिक्षा के साथ स्वरोजगार की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री ही नहीं बल्कि व्यावहारिक ज्ञान और संस्कारित व्यक्तित्व भी जरूरी है। उन्होंने युवाओं से नवाचार के साथ लगातार मेहनत करने और अपनी शिक्षा को सही दिशा देने का आव्हान किया। सेंटर मैनेजर मोहित व्यास ने बताया कि केंद्र पर रोजगारपरक ग्राफिक डिजाइनिंग और मेकअप आर्टिस्ट कोर्स शुरू किए गए हैं, जिनमें युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोर्स पूर्ण होने पर राजस्थान सरकार की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेंद्र कुमार व्यास, अशोक व्यास, आनंद व्यास, पुरूषोत्तम व्यास और हर्षित व्यास सहित कई लोग मौजूद रहे। अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत इंजीनियर मुकेश बोहरा, अमित वर्मा, अंकुश गहलोत, सुनील सिंह, रितेश और विक्रम ने किया। मंच संचालन डॉ. अमित व्यास ने किया। जबकि आभार कीर्ति व्यास, वैशाली व्यास और इंदु बाला व्यास ने व्यक्त किया।

### शनि अमावस्या पर वट सावित्री पूजन



शनि अमावस्या पर केसरिया हनुमान मंदिर में महिलाओं ने वट सावित्री पूजन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शनि अमावस्या के पावन अवसर पर बीकानेर स्थित केसरिया हनुमान मंदिर, पुरानी गिनानी परिसर में महिलाओं द्वारा श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक विधि-विधान के साथ वट सावित्री व्रत एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति एवं धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। मंदिर के पुजारी पंडित केशव शुक्ला ने महिलाओं को वट सावित्री व्रत का महत्व बताते हुए सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति में अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने महिलाओं को पूजन की संपूर्ण विधि भी विस्तारपूर्वक बताई। पूजन के दौरान महिलाओं ने सर्वप्रथम मंदिर में भगवान हनुमान के दर्शन किए। इसके बाद वट वृक्ष के नीचे एकत्रित होकर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने वट वृक्ष को जल अर्पित किया। रोली, मौली, अक्षत, पुष्प एवं प्रसाद चढ़ाया। इसके बाद पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत लपेटते हुए परिक्रमा की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की लम्बी आयु की कामना की।

## बीकानेर पहुंचा नहरी पानी, एक-दो दिन में पूरी होगी जलापूर्ति

- मसीतावाली हैड जीरो आरडी तक पहुंच चुका है तथा सप्लाई व्यवस्था को सुचारू करने का काम जारी है
- नहर का पानी बीछवाल क्षेत्र तक 18 मई की शाम और 19 मई की सुबह शोभासर जलाशय तक पहुंचने की संभावना है
- निजी टैंकर सामान्य दरों से दस गुना तक महंगे दामों पर बेच रहे थे

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर शहर और आसपास के क्षेत्रों में लम्बे समय से चले आ रहे गंभीर जल संकट के बीच अब राहत की खबर सामने आई है। शनिवार को इंदिरा गांधी नहर परियोजना में पानी का प्रवाह दोबारा शुरू हो गया है। जिससे पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के सामान्य होने की उम्मीद बढ़ गई है।

चीफ इंजीनियर ने बताया कि नहरबंदी समाप्त होने के बाद अब इंदिरा गांधी नहर में पानी छोड़ा गया है और यह प्रवाह तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीकानेर और आसपास के इलाकों में नहरबंदी के चलते पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा था।

कई क्षेत्रों में एक दिन छोड़कर एक दिन पानी की सप्लाई की जा रही थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों को पानी स्टोर कर काम चलाना पड़ रहा था। जबकि कई जगहों पर टैंकर ही मुख्य सहारा बन गए थे। इस दौरान स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि निजी पानी के टैंकर सामान्य दरों से कई गुना यहां तक कि दस गुना तक महंगे दामों पर बेचे जा रहे हैं। मजबूरी में लोगों को ऊंचे दाम चुकाकर पानी खरीदना पड़ रहा था, जिससे आम परिवारों का बजट प्रभावित हुआ।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना के चीफ इंजीनियर विवेक गोयल ने बताया कि पानी का प्रवाह शुरू होने के बाद यह मसीतावाली हैड जीरो आरडी तक पहुंच चुका है। जिसके बाद आगे की सप्लाई व्यवस्था को सुचारू करने का काम लगातार जारी है। विभाग की टीम लगातार स्थिति की निगरानी कर रही है ताकि आगे जल आपूर्ति प्रणाली को तेजी से बहाल किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार नहर का पानी आगे बढ़ते हुए बीछवाल क्षेत्र तक 18 मई की शाम और 19 मई की सुबह शोभासर जलाशय तक पहुंचने की संभावना है। इसके बाद जलदाय विभाग की सप्लाई व्यवस्था में सुधार होने लगेगा। स्थिति सामान्य होने पर बीकानेर सहित आसपास के क्षेत्रों में लम्बे समय से जारी पेयजल संकट में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। किसान और आमजन दोनों ही इस बदलाव से राहत महसूस कर रहे हैं और आने वाले दिनों में पानी की उपलब्धता बेहतर होने की संभावना जताई जा रही है।

## आज से स्कूलों की छुट्टियां शुरू

**पूगल,** (कासं)। प्रदेश भर के राजकीय और निजी स्कूलों में 17 मई से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही है। शिक्षा विभाग के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार स्कूल 21 जून से फिर खुलेंगे।

इस बार नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हुआ था। अप्रैल और मई में लगातार बढ़ते तापमान के कारण छात्रों और पेरेंट्स को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। गर्मी के चलते स्कूलों के समय में भी बदलाव किया गया था। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश से बच्चों को राहत मिलेगी।

पूगल ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी मुकेश भारती ने बताया कि गर्मी की छुट्टी से पहले शनिवार को ब्लॉक के सभी स्कूलों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। सरकारी स्कूलों में जल कुंडों और स्कूल परिसरों की साफ-सफाई भी की गई। भारती ने यह भी बताया कि छुट्टी के दौरान सरकारी स्कूलों में एक-एक टीचर को प्रभारी बनाया गया है। इसका उद्देश्य शाला के सभी कार्यों की निगरानी रखना और बच्चों और पेरेंट्स से निरंतर संपर्क बनाए रखना है। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बच्चों को गृहकार्य और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े कार्य दिए गए हैं।

## पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीण टंकी पर चढ़े

- पुलिस और जलदाय विभाग के अधिकारी ने ग्रामीणों को समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया
- बीकानेर जिले के रीड़ी गांव में पेयजल किल्लत से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीण टंकी पर चढ़ गए। इसके बाद जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

मामला बीकानेर जिले के रीड़ी गांव में शनिवार का है। इससे पहले ग्रामीणों ने गांव में अनाउंसमेंट करवाया। हालांकि आश्वासन के बाद ग्रामीण मान गए थे और टंकी से उतर गए। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक गांव की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे टंकी से नीचे नहीं उतरेंगे। इससे पूर्व गांव के मंदिर से अनाउंसमेंट करवाया गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग पानी की टंकी तक पहुंचे। विरोध के दौरान कई युवा टंकी पर चढ़ गए जबकि बुजुर्ग नीचे घेरा बनाकर खड़े रहे और जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों का आरोप था कि लम्बे समय से जल संकट बना हुआ है लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। मौके पर पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि हेतराम जाखड़ ने ग्रामीणों से समझाइश करते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि समस्या का जल्द समाधान किया जायेगा। जलदाय विभाग की ओर से आश्वासन दिया गया कि रीड़ी गांव की ओर जाने वाली पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन हटाए जायेंगे। साथ ही गांव में दो नए नलकूप और दो नए मोटर सेट लगाए जायेंगे।

## जसरासर में जर्जर पानी की टंकी हटाने की मांग

- बड़े हादसे का डर, ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा
- यह टंकी आबादी क्षेत्र के ठीक बीच में स्थित है

**जसरासर,** (कासं)। जसरासर तहसील मुख्यालय में ग्रामीणों ने जर्जर पानी की टंकी हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार विवेक चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने खरजानी बास स्थित इस पुरानी सार्वजनिक पानी की टंकी से किसी बड़े हादसे की आशंका जताई है। ग्रामीण रामू राम ने बताया कि यह पानी की टंकी लगभग 15 वर्षों से बंद पड़ी है और पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसके खंभों और दीवारों में बड़ी दरारें आ गई हैं, जिससे इसके गिरने का खतरा लगातार बना हुआ है। यह टंकी आबादी क्षेत्र के ठीक बीच में स्थित है। इसके आसपास कई मकान हैं और यह एक आम रास्ता भी है, जहां दिनभर लोगों का आवागमन रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि आंधी, तूफान या बरसात के मौसम में इसके गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि टंकी के आसपास बच्चे खेलते रहते हैं, जिससे यह उनके लिए एक गंभीर खतरा बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग द्वारा इस टंकी का शीघ्र निरीक्षण करवाया जाए और इसे हटाने की कार्रवाई की जाए ताकि कोई दुर्घटना ना हो सके। उनका मुख्य उद्देश्य भविष्य में किसी भी प्रकार की जनहानि से बचना है।

## गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया

**पूगल,** (कासं)। पूगल क्षेत्र में शनि अमावस्या के अवसर पर शनिवार को पूगल स्थित श्री महादेव गौशाला में गौसेवा की गई।

समाजसेवी प्रसन्न कुमार बुच्चा ने गायों को हरा चारा खिलाया। उन्होंने गौशाला में गायों के लिए हरे चारे से भरी एक पिकअप गाड़ी भेंट की। इसी दिन पूगल क्षेत्र के अन्य गौभक्तों ने भी गोसेवा में योगदान दिया। उन्होंने गायों के लिए गुड़ और चारे का दान कर पुण्य कार्य किया।

पूगल सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी शनि अमावस्या पर दान-पुण्य जैसे धार्मिक आयोजन हुए। श्री महादेव गोशाला के अध्यक्ष मेघराज सोनी ने बताया कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने अमावस्या के पवित्र अवसर पर गौसेवा को बड़ा पुण्य का कार्य बताया।

## एक ही काम के 3 टेंडर, भुगतान के लिए रखे पुराने वर्क ऑर्डर

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम में विकास कार्यों के नाम पर कागजी बाजीगरी का बड़ा खेल सामने आया है। शहर के महत्वपूर्ण ड्रेनेज नेटवर्क जूनागढ़ नाले की मरम्मत और कवरिंग के लिए पिछले चार साल में तीन अलग-अलग टेंडर जारी किए जा चुके हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस है।

हैरानी की बात यह है कि तकनीकी नियमों को ताक पर रखकर पुराने टेंडर निरस्त किए बिना ही नई निविदाएं जारी कर दी गई। दस्तावेजों से आशंका गहरा रही है कि यह एक ही काम का दो-तीन बार भुगतान उठाने की सोची-समझी रणनीति तो नहीं है।

पहला टेंडर 29 अप्रैल 2022 को एनआईटी संख्या 13/2022-23 के तहत जूनागढ़ के चारों तरफ फेरोकवर के लिए 9.48 लाख रूपये का टेंडर हुआ। इसकी अवधि दो माह की थी। दूसरा टेंडर 8 अगस्त 2024 को एनआईटी संख्या 12/2024-25 के तहत सूरसागर के सामने फर्नीचर गली के नाम पर 33.92 लाख का नया टेंडर निकला। यह काम अधूरा रहा। इसकी अवधि चार माह की रही। तीसरा टेंडर 21 जनवरी 2025 को निविदा संख्या 59/2025-26 के तहत फिर से 33.92 लाख रूपये की लागत से महिला मंडल के पास नाला मरम्मत के नाम पर निविदा जारी की गई। इसकी अवधि भी चार माह की ही रही।

नगर निगम ने एक ही भौगोलिक क्षेत्र के काम को अलग-अलग नाम देकर तीन बार टेंडर प्रक्रिया अपनाई। जूनागढ़ नाला तीन अलग-अलग वार्ड 52, 67 व अन्य की सीमाओं से सटा है, जिसका फायदा उठाकर स्थान का नाम बदल दिया गया। नियमें के मुताबिक यदि कोई टेंडर आवंटित होने के बाद काम पूरा नहीं होता, तो उसे शॉर्ट टर्मिनेशन के जरिए निरस्त करना अनिवार्य है। जब तक पुराना वर्क ऑर्डर रिकॉर्ड में सक्रिय है।

उसी काम के लिए दूसरी निविदा जारी नहीं हो सकती। जानकारों का मानना है कि पुराना टेंडर पोर्टल पर एक्टिव रखने से वह भुगतान के लिए तकनीकी रूप से पात्र बना रहता है। इससे भविष्य में फर्जी बिलिंग का रास्ता खुलता है। रसूखदार ठेकेदार और अधिकारी सिर्फ सही समय का इंतजार कर रहे हैं ताकि फाइलों पर हस्ताक्षर कराकर भुगतान उठाया जा सके।

## नौकरी का झांसा देकर 7 लाख ठगे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। संगरिया थाना क्षेत्र में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी का मामला सामने आया है।

नगराना निवासी एक युवक ने संगरिया के एक दंपती पर साइप्रस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 7 लाख 35 हजार रूपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने पहले साइप्रस में 1.20 लाख रूपए मासिक वेतन वाली नौकरी का लालच दिया। फिर बाद में दुबई भेजने की बात कहकर अतिरिक्त रकम मांग ली। इतना ही नहीं लौटाई गई रकम का चेक भी बाउंस हो गया। अदालत के आदेश पर संगरिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवादी से 7 लाख 35 हजार रूपए ऐंठ लिए।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** एस.एंड टी-बी.के. एन/2026-27/-04, **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के स्वतंत्र इंटरलॉक्ड (Independent Interlocked LC gates) समपार फाटकों पर आग लगने का स्वचालित (Automatic) पता लगाने और अलार्म प्रणाली (AFDAS) का प्रावधान। **अनुमानित लागत मूल्य रु.:** 38900448.70, **बिड सिक्योरिटि राशि (रुपये में):** 778000.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 11.06.2026 को 15.00 बजे तक, **वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 732-PH/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** एस.एंड टी-बी.के. एन/2026-27/-08, **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के हनुमानगढ़-सादुलपुर खंड के LC-14, 34-1 in HMH-SDLP मानवयुक्त समपार गेट नंबर के 02 के इंटरलॉकिंग के प्रावधान के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े इनडोर और आउटडोर का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य रु.:** 10989248.84, **बिड सिक्योरिटि राशि (रुपये में):** 219800.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 08.06.2026 को 15.00 बजे तक, **वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 733-PH/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

ई-निविदा सूचना: 34265071A दिनांक: 15.05.2026

**निविदा सूचना**

वरि.मण्डल सामग्री प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई-निविदा संख्या-34265071A जिसकी बन्द होने की तारीख 08.06.2026 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बन्द होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैन्यूअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरूद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैन्यूअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। 1. **आपूर्ति का विवरण:** Supply, Installation & Commissiong of IoT Based water level indicator System With e-SIM for Overhead Water Tank & Underslung Water Tank as per RDSO Specification IS/RDSO-CG/0002:2025 with latest rev. 2. **मात्रा:** 1039 Nos. 3. **निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय:** ई-निविदा को दिनांक 08.06.2026 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। 4. **वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in 730-PH/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## चूनावढ़ थाने का घेराव किया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के चूनावढ़ पुलिस थाना के खिलाफ शनिवार को भीम आर्मी एवं ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गुंडागर्दी, अभद्र व्यवहार और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के आरोप लगाते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सीआई रामप्रताप चौधरी को डीजीपी और जिला कलेक्टर श्रीगंगानगर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि गौ रक्षक सुरेश उर्फ रॉकी चौहान नेतेवाला के साथ मारपीट और उनकी मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ की घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित के साथ ही अभद्र व्यवहार किया।

ज्ञापन में प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि न्याय नहीं मिला तो उच्च अधिकारियों से मिलकर आंदोलन को तेज किया जायेगा।

## एक्सीलेंस सेंटर से खिलाड़ियों को अपने ही शहर में आधुनिक ट्रेनिंग मिलेगी : जोशी



बीकानेर में भारतीय खेल प्राधिकरण के एक्सीलेंस सेंटर की घोषणा के बाद पत्रकार वार्ता को तीरदांजी कोच अनिल जोशी ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में भारतीय खेल प्राधिकरण के एक्सीलेंस सेंटर की स्वीकृति पूरे संभाग के खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

भारतीय तीरंदाजी टीम के कोच अनिल जोशी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लम्बे समय से बीकानेर को ऐसे आधुनिक खेल केन्द्र की आवश्यकता थी, जहां स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें। अब यह सपना साकार होने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब तक बीकानेर और आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए जयपुर, दिल्ली और पटियाला जैसे बड़े शहरों का रूख करना पड़ता था। आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए यह आसान नहीं था। जिसके कारण कई प्रतिभाएं शुरूआती स्तर पर ही पीछे रह जाती थी। लेकिन अब एक्सीलेंस सेंटर के माध्यम से खिलाड़ियों को अपने ही शहर में आधुनिक ट्रेनिंग, विशेषज्ञ कोचिंग, स्पोर्ट्स साइंस, फिजियोथेरेपी, जिम, रिकवरी सिस्टम और अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपकरणों की सुविधाएं मिल सकेंगी। अनिल जोशी ने कहा कि यह सेंटर केवल खेल परिसर नहीं होगा बल्कि बीकानेर के युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला मंच साबित होगा। यहां खिलाड़ियों को योजना, खेलो इंडिया, ट्रेनिंग प्रोग्राम, राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और खेल छात्रवृत्ति योजनाओं से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे आने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि योजना में बीकानेर के खिलाड़ी श्यामसुंदर स्वामी का चयन इस बात का प्रमाण है कि बीकानेर की मिट्टी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने की क्षमता मौजूद है। आने वाले वर्षों में यह एक्सीलेंस सेंटर ऐसे कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का कार्य करेगा। अनिल जोशी ने कहा कि खेलों का विकास केवल खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहता बल्कि इससे शहर की अर्थव्यवस्था और पहचान को भी नई दिशा मिलती है।

## तेज अंधड़ से बिजली पोल गिरे

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हल्की बारिश के साथ चल रहे तेज अंधड़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तूफान और आंधी से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ। कई दुकानों के साइन बोर्ड और टीन-टप्पर उड़ गए, जबकि जगह-जगह पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर पड़े। तेज हवाओं के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और शहर व गांवों में घंटों तक बिजली गुल रही। शहर में करीब 6 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 15 घंटे बाद बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। डिस्कॉम एक्सईएन ऋषिकेश मीणा ने बताया कि तेज अंधड़ के चलते बिजली के पोल, तार और ट्रांसफार्मर बड़ी संख्या में क्षतिग्रस्त हो गए। 13 और 14 मई की रात आए अंधड़ में शहर व उससे जुड़े गांवों में कुल 111 बिजली पोल गिर गए। इनमें 11 केवी के 75, एलटी लाइन के 35 तथा 33 केवी का एक पोल शामिल है। इसके अलावा थ्री फेस की 12 कृषि डीपी और सिंगल फेस की 2 डीपियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं।